फर्द अहकाम

नाम न्यायालय – सहायक कलक्टर जयपुर शहर प्रथम

उनवान ..मंगला..... बनाम ....रामकुवांर..

मुकदमा संख्या ..TI / 17 / 2023

31/7/24 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष हाजिर। पत्रावली वास्ते प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा पेश हुई। उभयपक्षों की बहस व पत्रावली का मनन कर न्यायालय यह पाता है कि विवादित आराजी प्रार्थी/अप्रार्थी की संयुक्त खातेदारी की अविभाजित भूमि है। वाद बहुलता को रोकने हेतु न्यायालय उभयपक्षों को ग्राम मण्डाभोपावास, प0ह0 पचार, तहसील कालवाड स्थित खसरा नम्बर 186 रकबा 2.9466 है0, खसरा नम्बर 187 रकबा 0.6450 है0, खसरा नम्बर 188 रकबा 1.1382 है0, खसरा नम्बर 189 रकबा 1.9475 है0 भूमि पर ताफैसला वाद मौके की यथास्थिति बनाये रखने हेतु पाबंद करता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल मिसल किया जावे।

निर्णय आज दिनांक....31/7/2024.......... को सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार हो, दर्ज नम्बर से कम हो।

सहायक कलक्टर
जयपुर शहर प्रथम